Amar Ujala 12-12-2025

# तीसरी, पांचवीं, आठवीं, नौवीं और जमा एक की डेटशीट जारी

## पांचवीं कक्षा की परीक्षाएं 9 से 16 मार्च तक

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षाएं दोपहर 12:45 से शाम 4:00 बजे तक होंगी**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च में होने वाली तीसरी, पांचवी, आठवीं (नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालय), नवमी और जमा एक की वार्षिक और कंपार्टमेंट परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि तीसरी और पांचवीं कक्षा की परीक्षाएं 9 से 16 मार्च तक होंगी। आठवीं की परीक्षाएं 9 से 20 मार्च तक होंगी। इन सभी परीक्षाओं का समय सुबह 9:45 से दोपहर 1:00 बजे तक होगा। छात्रों को परीक्षा आरंभ होने से 30 मिनट पूर्व केंद्र में पहुंचना अनिवार्य है। नवमी और जमा एक की वार्षिक और कंपार्टमेंट परीक्षाएं विद्यालय स्तर पर होंगी। नवमी की परीक्षाएं 5 से 18 मार्च तक तथा जमा एक की परीक्षाएं 5 से 28 मार्च तक दोपहर 12:45 से शाम 4:00 बजे तक ली जाएंगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल बोर्ड ने परीक्षार्थियों, अभिभावकों और विद्यालयों से अपील की है कि वे विस्तृत डेटशीट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से देख सकते हैं।

Punjab Kesari 12-12-2025

# 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं का शैड्यूल जारी



धर्मशाला, 11 दिसम्बर (प्रियंका): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा तीसरी, 5वीं और 8वीं (नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालय) की वार्षिक परीक्षाएं बोर्ड द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी। कक्षा तीसरी और 5वीं की परीक्षाएं 9 से 16 मार्च तथा कक्षा 8वीं की परीक्षाएं 9 से 20 मार्च तक प्रातः 9.45 से 1 बजे तक आयोजित करवाई जाएंगी।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र में पहुंचना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त कक्षा 9वीं और जमा एक की वार्षिक व कम्पार्टमैंट परीक्षाएं विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएंगी। कक्षा 9वीं की परीक्षाएं 5 से 18 मार्च तक तथा जमा एक की परीक्षाएं 5 से 28 मार्च 2026 तक 12.45 से सायं 4 बजे तक आयोजित करवाई जाएंगी।